## खबर संक्षेप

### मथुरा-वृंदावन तीर्थयात्रा के लिए कल रवाना होगी विशेष ट्रेन

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कटनी जिले के वरिष्ठ नागरिकों को मथुरा-वृंदावन की तीर्थ यात्रा कराने के लिए 25 जुलाई को कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन से विशेष रेलगाड़ी रवाना होगी। इस यात्रा के लिए जिले के 196 तीर्थ यात्रियों का चयन किया गया है। जिला प्रशासन ने चयनित तीर्थ यात्रियों से अपील की है कि वे 25 जुलाई को निर्धारित समय पर अपने स्वयं के साधनों से कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन पहुंचें, ताकि समय पर उनकी उपस्थिति दर्ज कर यात्रा की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा सकें और विशेष ट्रेन निर्धारित समय पर रवाना हो सके। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीर्थयात्री 25 जुलाई को कटनी मुड़वारा से शाम 6 बजे ट्रेन नंबर 08813 से रवाना होकर मथुरा-वृंदावन के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे और 28 जुलाई कों सुबह 8:15 बजे ट्रेन नंबर 08814 से वापस कटनी मुड़वारा लौटेंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकें।

### आधुनिक कृषि को बढावा देने अनुदान पर मिलेंगे कृषि यंत्र

**कटनी।** जिले के किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक किसान 28 जुलाई 2026 तक ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। सहायक कृषि यंत्री कृति पाण्डेय ने बताया कि विभाग द्वारा पैडी राइस ट्रांसप्लांटर (राइडिंग टाइप), पैडी राइस ट्रांसप्लांटर (वॉक बिहाइंड टाइप) तथा रिजर पर अनुदान का लाभ दिया जाएगा। आवेदन के लिए पैडी राइस ट्रांसप्लांटर (राइडिंग टाइप) हेतु 15 हजार रूपये, पैडी राइस ट्रांसप्लांटर (वॉक बिहाइंड टाइप) के लिए 10 हजार रूपये तथा रिजर के लिए 5 हजार रूपये की डिमांड ड्रॉफ्ट (डी.डी.) सहायक कृषि यंत्री, कटनी के नाम से बनवाना होगा। आवेदन के साथ खसरा/बी-1, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा एससी/एसटी वर्ग के किसानों के लिए जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा। कृषि अभियांत्रिकी विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल जिसकी लिंक पर ऑनलाइन आवेदन कर शासन की योजना का लाभ उठाएं।

### अंशिका सिंह सेंगर ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**स्लीमनाबाद।** ग्राम पंचायत बहोरीबंद (दर्शननगर ) निवासी वकील सुरेज सिंह सेंगर की पुत्री अंशिका सिंह सेंगर ने अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण कर पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से नगर सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अंशिका की इस सफलता को उनकी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया जा रहा है। बार परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उन्होंने युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं एवं नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।इस अवसर पर क्षेत्रीय जनो ने अंशिका सिंह सेंगर को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अंशिका भविष्य में भी विधि के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल कर समाज और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।नगरवासियों ने भी अंशिका की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।



---

गूंड़ा-भैसवाही मार्ग दलदल में तब्दील, बारिश में किसानों और ग्रामीणों का आवागमन ठप

# ढाई किमी की दूरी तय करने 20 किमी का लगाना पड़ रहा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान





ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के गूंडा से भैसवाही को जोड़ने वाला करीब ढाई किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग बारिश के चलते पूरी तरह दलदल में तब्दील हो गया है। सड़क पर कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहिया और चारपहिया वाहन बीच रास्ते में फंस रहे हैं, जिससे ग्रामीणों और किसानों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में इस मार्ग से निकलना लगभग असंभव हो जाता है। किसानों को खेतों तक पहुंचने के लिए मेड़ों और वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है। खाद, बीज और कृषि उपकरण भी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार गूंडा से भैसवाही की वास्तविक दूरी महज ढाई किलोमीटर है, लेकिन मार्ग बंद होने के कारण लोगों को सिलौंड़ी होकर करीब 20 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे समय के साथ-साथ अतिरिक्त आर्थिक भार भी उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब सात वर्ष पहले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग द्वारा लगभग 37 लाख रुपये की लागत से इस सड़क का निर्माण कराया गया था। इसके बाद अब तक विभाग की ओर से न तो व्यापक मरम्मत कराई गई और न ही सड़क के नवीनीकरण का कार्य हुआ। लगातार उपेक्षा के कारण सड़क की स्थिति बद से बदतर होती चली गई है।

इस मार्ग से आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन होता है, जिससे क्षेत्र की बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से सड़क के स्थायी निर्माण और मरम्मत की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदारों की बेपरवाही से अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। गर्मी और सर्दी में किसी तरह आवागमन हो जाता है, लेकिन बारिश शुरू होते ही सड़क पूरी तरह कीचड़ में बदल जाती है और लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है।

#### इनका कहना है

कार्यपालन यंत्री,आरईएस कटनी मेघा मौर्य का कहना है कि संबंधित ग्राम पंचायत का प्रस्ताव और एस्टीमेट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। स्वीकृति मिलते ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

---



## हादसे में युवक की मौके पर मौत, महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान थाना क्षेत्र के मडेरा कॉलोनी में गुरुवार शाम करीब 4:15 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार एक महिला घायल हो गई। हादसे के बाद पिकअप वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार देवरी पाठक ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम तिघरा निवासी संतोष पिता रामदास झारिया (35) एक महिला को साथ लेकर मोटरसाइकिल से उमरियापान से ढीमरखेड़ा की ओर जा रहा था। मडेरा कॉलोनी में सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में संतोष के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार महिला भी घायल हो गई।

#### फरार चालक की तलाश

प्रधान आरक्षक आशीष मेहरा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान भेजा, जहां पोस्टमार्टम कराया गया। घायल महिला को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। टक्कर मारकर फरार हुए पिकअप वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

---

## बिना लायसेंस बीज बेचने पर संचालक पर एफआइआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अवैध बीज व्यापारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा रीठी क्षेत्र में छापेमारी कर बिना वैध लाइसेंस धान बीज का भंडारण और बिक्री करने वाले 'पाण्डेय कृषि केंद्र' के संचालक के विरूद्ध गुरूवार को रीठी पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कृषि विभाग के बीज निरीक्षक मुकेश लोधी ने 8 जुलाई 2026 को ग्राम मुहास स्थित पाण्डेय कृषि केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि केंद्र बिना किसी वैध लाइसेंस के धान बीजों का भंडारण एवं विक्रय कर रहा था। कार्रवाई के दौरान विभाग ने कुल 7 क्विंटल धान बीज जब्त किए, जिनमें सुपर गंगा कावेरी (आईआर-64) 2.50 क्विंटल, अन्नदाता सीड्स (एमटीयू-1010) 4 क्विंटल तथा अन्नदाता सीड्स (आईआर-64) 50 किलोग्राम शामिल हैं।

बिना लाइसेंस बीज विक्रय करना 'बीज नियंत्रण आदेश, 1983' की धारा 3 का उल्लंघन है। साथ ही यह 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। बीज निरीक्षक की रिपोर्ट पर उपसंचालक कृषि की शिकायत के आधार पर संचालक प्रभात पाण्डेय के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 एवं 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

#### प्रशासन की सख्त चेतावनी

जिला प्रशासन ने सभी बीज विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे बिना वैध लाइसेंस बीजों का भंडारण या विक्रय न करें। किसानों से भी अपील की गई है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही बीज खरीदें और खरीदते समय पक्की रसीद अवश्य लें।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कृषि आदानों—बीज, खाद एवं कीटनाशक—की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और जिलेभर में सघन निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा।

---

## नशे के दुष्परिणामों की दी जानकारी, दूर रहने किया प्रेरित



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में संचालित ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2 .0₹ अभियान के तहत गुरुवार को चौकी निवार पुलिस ने थाना माधवनगर क्षेत्र स्थित एक माइंस परिसर में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महिला श्रमिकों सहित अन्य मजदूरों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस दौरान उपस्थित सभी श्रमिकों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम में चौकी प्रभारी अंजनी कुमार मिश्र, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति, आरक्षक अरविंद कुशवाहा सहित चौकी का अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

---

## पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए सभी को मिलकर निभानी होगी सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट टीम के द्वारा एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के थाना स्लीमनाबाद में पौधरोपण किया। उन्होंने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने ₹एक पेड़ माँ के नाम 2.0₹ अभियान के अंतर्गत नागरिकों, शैक्षणिक संस्थाओं, उद्योगों, स्व-सहायता समूहों, नगरीय निकायों, पंचायतों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से पौधारोपण अवश्य करने का आग्रह किया है। यह अभियान 30 सितम्बर 2026 तक जन-सहभागिता के साथ संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जैव-विविधता संवर्धन और जन-भागीदारी आधारित पौधारोपण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई ।इस वर्ष आयोजन संयुक्त राष्ट्र की थीम 'इंस्पाइर्ड बाइ नेचर, फॉर क्लाइमेट एंड फॉर अवर फ्यूचर' तथा देशव्यापी संदेश 'नॉउ फ़ॉर क्लाइमेट' पर केंद्रित रहेगा।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास लक्ष्यों पर विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों एवं पर्यावरणविदों द्वारा विचार रखे जाएंगे।इस दौरान थाना प्रभारी सुदेश सुमन, एएसआई मानकी, प्रदेश सचिव अनीता दुबे, जिला सचिव नीतू शर्मा,राहुल काछी अभिषेक काछी,संध्या काछी,पुष्पलता,सत्येंद्र काछीसोमनाथ काछी, कमलेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

---

विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ

## मैराथन दौड़ से नशा मुक्ति का संदेश, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



खेल एवं युवा कल्याण विभाग, पुलिस विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्लीमनाबाद में नशा मुक्त को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ सांदीपनी स्कूल स्लीमनाबाद, विलियम हैनरी, आदर्श विद्यापीठ सहित आदि स्कूल के विद्यार्थियों ने मैराथन दौड़ से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। मैराथन दौड़ स्लीमनाबाद तिराहा से शुरू हुई थाना स्लीमनाबाद में समापन हुआ।

इस दौरान एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टॉप को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति की आदत नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए संकट बन जाता है। नशे के कारण गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं, परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चे जागरूकता के सबसे प्रभावी माध्यम बन सकते हैं, क्योंकि उनकी बातों को परिवार में गंभीरता से सुना और माना जाता है।उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि समाज में व्यवहार परिवर्तन लाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री, भंडारण अथवा अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थी नशे के दुष्परिणामों एवं नशे से दूर रहने का संदेश अपने परिवार, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों तक पहुंचाकर इस अभियान के सशक्त दूत बनेंगे। वही खेल समन्वयक चेतना झा ने कहा कि वर्ष 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ यह अभियान निरंतर संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "जब समाज एकजुट होकर नशे के खिलाफ खड़ा होगा, तभी एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त भविष्य का निर्माण संभव हो सकेगा।

इस दौरान थाना प्रभारी सुदेश सुमन, सलमान अहमद, प्रमोद पटेल, शुभम श्रीवास सहित अधिकारी -कर्मचारी मौजूद रहे।

---

विद्यार्थियों व नागरिकों के आधार अपडेट होंगे, ई-केवाईसी से वंचितों को मिलेगा लाभ

## 27 जुलाई से जिले की स्कूलों में आयोजित होंगे विशेष आधार शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के विभिन्न विकासखंडों में चिन्हित विद्यालयों में 27 जुलाई से विशेष आधार शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इन शिविरों में यू-डायस पोर्टल पर लंबित विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) के साथ-साथ आम नागरिकों के आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन एवं अद्यतन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

शिविरों में विशेष रूप से उन हितग्राहियों को लाभ मिलेगा, जिनका आधार कार्ड मोबाइल नंबर से लिंक न होने के कारण विभिन्न योजनाओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया लंबित है। ऐसे आवेदक अपने आधार में मोबाइल नंबर अपडेट कराकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। निर्धारित तिथियों पर सुबह 10 बजे से शिविर प्रारंभ होंगे। आधार केंद्र संचालकों को शासकीय मशीनों एवं आवश्यक उपकरणों के साथ उपस्थित होकर सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविरों में लाने तथा संबंधित कार्यालय प्रमुखों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### यहां लगेंगे शिविर

विकासखण्ड कटनी अंतर्गत सेंट पॉल स्कूल में यह शिविर 27 जुलाई से 1 अगस्त तक, सेंट पॉल झिंझरी में 27 जुलाई से 30 जुलाई तक, जेपीवी डीएवी में 27 जुलाई से 30 जुलाई तक, डायमंड माधव नगर में 3 अगस्त से 6 अगस्त तक, किड्स केयर हा. से. स्कूस में 31 जुलाई से 4 अगस्त तक, नोबेल हार्ट पब्लिक स्कूल में 31 जुलाई से 4 अगस्त तक, दिल्ली पब्लिक स्कूल में 7 अगस्त से 11 अगस्त तक ,ऐडेड स्कूल हा. से. तिलक राष्ट्रीय में 5 अगस्त से 8 अगस्त तक, डीएवी एसीसी पब्लिक स्कूल में 5 अगस्त से 8 अगस्त तक, सेक्रेड हार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में 10 अगस्त से 13 अगस्त तक शिविर होंगे।

बहोरीबंद विकासखण्डा में एचएसएस कुनवा में 27 जुलाई से 1 अगस्त तक, विलियम हेनरी मेमोरियल स्लीमनाबाद में 27 जुलाई से 4 अगस्त तक, एचएसएस बाकल में 27 जुलाई से 3 अगस्त तक, एचएसएस एक्सलेंस महावीर में 3 अगस्त से 8 अगस्ते तक, आदर्श विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम स्कूल में 5 अगस्त से 11 अगस्त तक, ग्रेस मिशन स्कूल में 12 अगस्त से 20 अगस्त तक, जेपीजी कान्वेंट स्कूल में 10 अगस्त से 17 अगस्त तक, ग्यान मंगलम पब्लिक स्कूल में 4 अगस्त से 11 अगस्त तक, एचएस दिहुंता में 18 अगस्त से 22 अगस्त तक, एचएसएस सिहुंडी में 24 अगस्त से 31 अगस्त तक शिविर आयोजित होंगे।

विजयराघवगढ विकासखण्ड के अंतर्गत एचएसएस एक्सलेंस में 27 जुलाई से 30 जुलाई तक, श्री द्वारिका प्रसाद इंग्लिश मीडियम स्कूल में 27 जुलाई से 30 जुलाई तक, एचएसएस सिंगौडी में 31 जुलाई से 4 अगस्त तक, एचएसएस कांति में 31 जुलाई से 4 अगस्त तक, एचएसएस गैरतलाई में 5 अगस्त से 7 अगस्त तक, लक्ष्मी कान्वेंट पब्लिक देवराकला में 5 अगस्त से 7 अगस्त तक, डीएवी सेंटेनेरी पब्लिक कुटेश्वर में 8 अगस्त से 11 अगस्त तक, डीएवी पब्लिक कैमोर में 12 अगस्त से 14 अगस्त तक, एचएसएस एसीसी कैमोर में 17 अगस्त से 18 अगस्त तक, एचएस सरस्वती शिशु मंदिर कांति में 8 अगस्त से 10 अगस्त तक शिविर आयोजित होगें। ढीमरखेडा विकासखण्ड के अंतर्गत सरस्वती उमरियापान में 27 जुलाई से 31 जुलाई तक, एचएसएस एक्सएलेंस उमरियापान में 28 जुलाई से 30 जुलाई तक, एचएसएस पद्मा पब्लिक स्कूल में 31 जुलाई से 3 अगस्त तक शिविर आयोजित होंगे।

---

## धान रोप रहे विद्यार्थियों से मिले शिक्षक, कहा, खेत नहीं स्कूल ज्यादा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिक्षा केवल स्कूल की चारदीवारी तक सीमित नहीं होती, बल्कि एक सच्चा शिक्षक वहां तक पहुंचता है, जहां उसका विद्यार्थी होता है। रीठी विकासखंड के आदिवासी अंचल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैंगवा के शिक्षकों ने इसी सोच को साकार करते हुए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसने शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को नई पहचान दी है। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के बाद विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षा से कम थी। यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं था, बल्कि शिक्षकों की चिंता का कारण भी बन गया। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के नामांकन बढ़ाने संबंधी निर्देशों के पालन में शिक्षकों ने बच्चों का इंतजार करने के बजाय स्वयं उनकी तलाश शुरू की। जब वे गांव पहुंचे तो अधिकांश घर सूने मिले। जानकारी मिली कि परिवार के सदस्य खेतों में धान रोपाई के लिए गए हैं और बच्चे भी उनके साथ काम में लगे हुए हैं।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विपिन तिवारी एवं अतिथि शिक्षकों ने लगभग 16 किलोमीटर का कठिन सफर तय किया। कच्चे रास्तों और खेतों के बीच पहुंचकर उन्होंने उन विद्यार्थियों से मुलाकात की, जिनके हाथों में इस समय किताबों की जगह धान के पौधे थे। शिक्षकों ने बच्चों और उनके अभिभावकों को समझाया कि खेती भले ही परिवार की आजीविका का आधार है, लेकिन शिक्षा बच्चों के पूरे जीवन की दिशा तय करती है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय जाएंगे, तो वे भविष्य में अपने परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बदलने में सक्षम बनेंगे।

## खबर संक्षेप



### डीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र और NRC निरीक्षण

**विजयराघवगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी,महिला एवं बाल विकास , कटनी,अब्दुल गफ्फार द्वारा परियोजना विजयराघवगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मेहगांव, अमेहटा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी संतोष कुमार अग्रवाल की उपस्थिति थे।इस दौरान उपस्थित बच्चों से उनसे पढ़ाई और पोषण संबंधित जानकारी ली,और सभी बच्चों को अपनी तरफ से टॉफियां वितरित की,उसके बाद शासकीय अस्पताल विजयराघवगढ़ में NRC सेंटर का विजिट किया,जिस दौरान बीएमओ विनोद कुमार भी थे,इस दौरान एडमिट बच्चों के कुपोषण से संबंधित जानकारी ली और उनके प्रगति,उनको दिए जाने वाला भोजन,और दवाइयों की जानकारी ली एवं संतुष्टि व्यक्त किया।

### अलग अलग कारणों से महिला सहित 4 की मौत

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत बालाजी नगर में दमोह जिले के ग्राम रसल्ली सोजाना निवासी लक्ष्मन सेन 29 वर्ष ने किराए के मकान में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है। एन.के.जे. थाना क्षेत्र के दुर्गा चौक स्थित अपनी डीजे साउंड की दुकान में उन्नत केशरवानी 25 वर्ष निवासी शास्त्री कॉलोनी ने 22 जुलाई की देर रात फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच में लिया है। इसी तरह बहोरीबंद के वार्ड क्रमांक 07 में 80 वर्षीय घसीटा चौधरी घर के आंगन में अज्ञात कारणों से सिर पर गंभीर चोट की हालत में मिले थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बहोरीबंद थाना के ग्राम डुडसरा निवासी दुर्गा पटेल 36 वर्ष गिरने के कारण सिर में आई गंभीर चोट से घायल हो गई थीं। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

### ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण 31 जुलाई को

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट के जिला स्तरीय वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण (बंद कर वेयरहाउस) 31 जुलाई को सायं 5 बजे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया जायेगा। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार पटेल ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह (ग्रामीण) एवं अमित शुक्ला (शहर) और बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष डी सी राम को निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### जिले में अब तक 320.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज, बीते वर्ष से कम बारिश

**कटनी।** जिले में 1 जून से 23 जुलाई तक कुल 320.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 613.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 772.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 648.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 323.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 431.3 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 158.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 195.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 239.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 298.8 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 648.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 264.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### कमजोर प्रगति पर बीआरसीसी कटनी को कारण बताओ नोटिस जारी

# परिणाम से तय होगी अधिकारियों की जवाबदेही औपचारिकता नहीं शिक्षण सुधार में करें फोकस

### स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को परिणाम आधारित कार्य संस्कृति अपनाने तथा निर्धारित समय-सीमा में सभी लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कक्षा 1, 6 एवं 9 सहित सभी कक्षाओं में जुलाई माह के अंत तक शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहना चाहिए। लक्ष्य अधूरा रहने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

समीक्षा के दौरान विकासखंड कटनी की प्रगति अपेक्षित नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने गहन नाराजगी जाहिर की। बीआरसीसी द्वारा सही तरीके से विभागीय योजनाओं की जानकारी नहीं देने और गोल-मोल जवाब देने पर बीआरसीसी कटनी श्री मनोज गौतम को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समीक्षा बैठकों में केवल आंकड़े प्रस्तुत करना पर्याप्त नहीं है, धरातल पर परिणाम भी दिखाई देने चाहिए।



बैठक में ई-अटेंडेंस, अपार आईडी, यू-डायस डाटा, डिजिटल अध्यापन, ई-मटेरियल के उपयोग तथा निपुण विद्यालयों की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने इन सभी कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जर्जर विद्यालय भवनों की मरम्मत एवं आवश्यक कार्रवाई तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्रीमती मेघा मौर्य को डाइट भवन का निरीक्षण कर शीघ्र मरम्मत का प्राक्कलन तैयार करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विद्यालयों में जाकर कक्षा अवलोकन करें, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का मूल्यांकन करें, स्वयं अध्यापन कर शिक्षकों का मार्गदर्शन करें तथा प्रत्येक निरीक्षण को परिणाममूलक बनाएं।

बैठक में नवाचार करने वाले शिक्षकों की जानकारी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 शिक्षकों को सम्मानित किया जाए तथा उनके नवाचारों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का वातावरण विकसित हो।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री सच्चिदानंद पांडे, डाइट प्राचार्य श्री एम.पी. डुंगडुंग, कार्यपालन यंत्री श्रीमती मेघा मौर्य, सहायक संचालक राजेश अग्रहरी, डीपीसी प्रेमनारायण तिवारी, डाइट व्याख्याता राजेन्द्र असाटी सहित विभागीय अधिकारी तथा सभी विकासखंडों के बीईओ एवं बीआरसीसी उपस्थित रहे।



## डाक कर्मचारियों ने शुरू किया राष्ट्रव्यापी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

भारतीय डाक विभाग कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव अनिल सिंह बागरी ने पत्र के माध्यम से बताया कि विदेशी कंपनी मैकेंजी के इशारे पर डाक विभाग का निजीकरण किया जा रहा है। साथ ही ₹टारगेट₹ के नाम पर कर्मचारियों पर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। ग्रामीण डाक सेवकों और विभागीय कर्मचारियों को अपने वेतन से खाते खुलवाकर टारगेट पूरा कराया जा रहा है, जिसे संघ आर्थिक और मानसिक शोषण बता रहा है।

### आंदोलन की रूपरेखा

20 से 27 जुलाई 2026ः सभी डाकघरों में काली पट्टी बांधकर विरोध स्वरूप कार्य। 28 जुलाई 2026ः लंच के समय मंडलीय कार्यालयों में विशाल प्रदर्शन। 5 अगस्त 2026ः पूरे म.प्र. में एक दिवसीय हड़ताल। 18 अगस्त 2026ः मांगे पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल

### संघ की प्रमुख मांगे

1. टारगेट के नाम पर शोषण बंद हो - कर्मचारियों से गली-गली घूमकर व्यावसायिक टारगेट पूरा न कराया जाए। 2. रेल डाक सेवा की बहाली - PM की घोषणा के बावजूद डाक को RTN रोड ट्रांसपोर्ट से भेजा जा रहा है, उसे फिर से रेल से भेजा जाए3. रिक्त पदों को भरना मेल मोटर विभाग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए।4. भ्रष्टाचार पर रोक डाक विभाग में बढ़ रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने के लिए तत्काल कठोर कार्रवाई हो।5. कैडर रिव्यू व विकेंद्रीकरण पर रोक पोस्टल अकाउंट का विकेंद्रीकरण रोका जाए।6. वेतन विसंगति दूर की जाए भूतपूर्व सैनिक कोटे से भर्ती डाक कर्मचारियों की वेतन विसंगति का तुरंत निराकरण किया जाए।

*क्षेत्रीय विधायक द्वारा पत्राचार किये जाने के बाद भी प्रदूषण पर नहीं लग पा रहा अंकुश*

## टायर कम्पनियों द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण से लोगों का जीना हुआ दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

जनपद क्षेत्र में 12 टायर ईकाईयां सन्चालित हो रही हैं। टायर इकाइयों द्वारा टायर से तेल निकालने वाली इकाइयों द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण को रोकने व जांच करवाकर सख्त कानूनी कार्रवाई किये जाने के लिए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर सम्बंधित टायर इकाइयों पर कार्रवाई किये जाने का आग्रह किये जाने के पश्चात भी टायर कम्पनियों पर नही की जा रही कार्रवाई।

बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत करवाते हुए लिखा है कि बड़वारा विधान सभा क्षेत्र के जनपद पँचायत बड़वारा के क्षेत्र में दूसरे राज्यों से आई टायर कंपनियां धड़ल्ले से बेख़ौफ़ होकर अपना कारोबार संचालित कर रही हैं। बड़वारा क्षेत्र में सन्चालित विभिन्न टायर आधारित ईंधन तेल निर्माण इकाइयों द्वारा पर्यावरण को गम्भीर क्षति पहुंचाई जा रही है जिसके चलते मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन इकाइयों में पुराने टायरों को जलाकर तेल निकाला जाता है। जिससे वायु प्रदूषण दुर्गंध धुआं एवं मानव स्वास्थ्य पर एवं कृषि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों को स्वांस संबंधी समस्याओं एवं पर्यावरणीय दुष्प्रभावों का सामना करना पड़ रहा है।पत्र के माध्यम से बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सूबे के मुखिया डॉ मोहन यादव से आग्रह किया है कि उक्त इकाइयों की पर्यावरणीय स्वीकृतियों, प्रदूषण नियंत्रण मानकों एवम संचालन की वैधानिकता की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, नियमों की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए एवम नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए।जिससे क्षेत्र के पर्यावरण एवम जन स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।



### इन कंपनियों का संचालन

ग्राम पंचायत जनपद पंचायत बड़वारा में संचालित कंपनियों के नाम 1. एम/एस अक्षर एनर्जी 2. एम/एस श्री राम फ्यूल इंडस्ट्रीज 3. एम/एस अहिंसा लुब्रिकेंट्स 4. एम/एस श्रीनाथ फ्यूल 5. एम/एस गुनसागर प्रो. फ्यूल 6. एम/एस श्री श्याम प्रो. फ्यूल 7. एम/एस एस आर एम कार्बो फ्यूल्स 8. एम/एस सदाशिव फ्यूल कंपनी 9. एम/एस विहान फ्यूल 10. एम/एस एस आर एम एस फ्यूल कंपनी 11. एम/एस श्री खंडल माता जी एनर्जी एण्ड फ्यूल्य 12. एम/एस गजलक्ष्मी इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

## विद्यार्थियों को जैविक खेती का दिया गया प्रशिक्षण



शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झिंझरी के विद्यार्थियों को जैविक कृषि विशेषज्ञ राम सुख दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य अजय शंकर पांडे के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में आयोजित इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को जैविक खेती से जुड़ी जानकारियां दी गई। विद्यार्थियों को बताया गा कि जैविक खेती के लिए पशुपालन आवश्यक है। देसी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के जैविक खेती में उपयोग के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि देश में हरित क्रांति लागू होने के बाद कृषकों द्वारा असंतुलित मात्रा में रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग करने से न केवल भूमि, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। बल्कि, भूमि में पोषक तत्व एवं जीवाणु कम हो रहे हैं। छात्रों को बताया गया कि देसी गाय के एक ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ सूक्ष्म जीवाणु तथा गोमूत्र में 33 प्रकार के तत्व पाए जाते हैं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी, जीरो बजट फार्मिंग, प्राकृतिक खेती की भी तकनीकी जानकारी दी गई। जैविक खाद एवं कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग के विषय में भी बतलाया गया।

## अनुपूरक बजट में विजयराघवगढ़ विधानसभा को 40 करोड़ के दो पुलों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र विधानसभा के मानसून सत्र में प्रदेश शासन द्वारा रखें गए अनुपूरक बजट में विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के प्रयासों से विजयराघवगढ़ विधानसभा को लगभग 40 करोड़ के दो उच्च स्तरीय पुलों सहित संपर्क मार्ग की सौगात प्राप्त हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भैंसवाही, घूंसुर को कांटी क्षेत्र से जोड़ने के लिए कटनी नदी पर ग्राम घुंसुर से ग्राम मोहास के बीच उच्च स्तरीय पुल के साथ ही 3 किलोमीटर की सड़क का निर्माण के साथ ही महानदी पर ग्राम बकेली से ग्राम गुड़ेहा,पिपरा को जोड़ने के लिए उच्च स्तरीय पुल के साथ ही 8.5 किलोमीटर की सड़क निर्माण की स्वीकृति अनुपूरक बजट में प्राप्त हुई है। इन पुलों के निर्माण के बाद किसानों एवं क्षेत्र वासियों को नदी के कारण अधिक दूरी तय करने में लगने वाला समय के साथ ईंधन की बचत होगी।

### विधायक ने लिखा था पत्र

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने मई माह में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से भेंट करते हुए पत्र के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कटनी एवं महानदी पर पुलों एवं पुलों को गांवों से जोड़ने के लिए सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव दिए थे उन सभी प्रस्ताव को डॉ.मोहन यादव ने सहर्ष स्वीकार करते हुए तत्काल स्वीकृति प्रदान की थी आज आज अनुपूरक बजट में लगभग 40 करोड़ की लागत वाले कार्यों को बजटीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है ।

विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मिली इस उपलब्धी पर विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के विजन को पूरा करने का प्रयास निरन्तर जारी है।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मैंने क्षेत्र विकास के लिए जो भी मांगा है वह मिला है, कुछ ही वर्षों में विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख एकड़ भूमि को सिंचित करने वाली योजनाएं चालू होगी, इसके साथ ही गांव-गांव अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए पुलों एवं सड़कों को भी स्वीकृत कराया जा रहा है।

*ग्रामवासियों की सेहत सुधारने ओपन जिम का करें उपयोग*

## सीईओ ने ग्राम तखला पहुंचकर ओपन जिम का निरीक्षण कर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ओपन जिम में लगाए गए इक्विपमेंट युवाओं और बुजुर्गों के साथ-साथ सेहत के प्रति सचेत रहने वालों के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा चलाई गई एक अच्छी पहल है। ओपन जिम के नियमित उपयोग से स्वास्थ्य को बेहतर रखने में सहायता मिलेगी। आप सभी प्रतिदिन सुबह-शाम आकर अपनी क्षमता और चिकित्सक के परामर्श के अनुसार इनका उपयोग करें ताकि शारीरिक मजबूती,बेहतर मानसिक स्वास्थ्य और बीमारियों से बचाव जैसे अनेक लाभ मिलते रहें। ये बातें गुरुवार को जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह ने ग्राम पंचायत तखला पहुंचकर ओपन जिम का औचक निरीक्षण करते हुए ग्राम वासियों से संवाद करते हुए कहीं। उन्होंने इस दौरान ओपन जिम में स्थापित लेग और चेस्ट प्रेस, क्रॉस वॉकर,एयर वॉकर, सिटिंग और स्टैंडिंग ट्विस्ट, पुल अप एवं चिन आप बार, हॉर्स राइडर आदि का स्वयं भी उपयोग कर उपकरणों की स्थिति को परखा। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिंह ने ग्राम वासियों से चर्चा करते हुए कहा कि ओपन जिम में प्रतिदिन व्यायाम करने से हृदय को स्वस्थ रखने में सहायता मिलती है और तनाव कम होने से आत्मविश्वास बढ़ता है। व्यायाम वजन को नियंत्रित करने में भी मददगार साबित होता है। इस दौरान सीईओ श्री सिंह ने मध्यान्ह भोजन किचन रूम का निरीक्षण कर साफ सफाई, गुणवत्ता, शुद्ध पेयजल एवं निर्धारित मेन्यू के अनुसार खाना बनाने और परोसने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली।



ग्राम पंचायत के सचिव दयाशंकर गर्ग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद पंचायत द्वारा पांचवें वित्त की राशि से पांच लाख रुपए राशि ओपन जिम के निर्माण हेतु स्वीकृत की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा 5 लाख की लागत से ओपन जिम तैयार कराई गई है। जिसका ग्रामवासी उपयोग कर रहे हैं।

इस दौरान सरपंच अनिल सिंह चौहान, सचिव दयाशंकर गर्ग, ग्राम रोजगार सहायक प्रदीप पांडे, महेंद्र लुनिया, निधि विश्वकर्मा, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, दिनेश पाली, बालकिशन आदि मौजूद रहे।

### समीक्षा बैठक के दौरान कर्मचारियों को दिये सख्त निर्देश

## निगमायुक्त ने चेताया, किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वर्षा ऋतु के दौरान शहर में स्वच्छता व्यवस्था, जन स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सुगम जल निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बुधवार शाम स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को सुचारू सफाई व्यवस्था, जल निकासी एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त परिहार ने निर्देशित किया कि नगर की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे इस हेतु स्वच्छता मित्रों की उपस्थिति तथा शिफ्टवार कार्य की मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों को वार्डवार स्वच्छता मित्रों की उपस्थिति का नियमित सत्यापन कर समय पर वेतन देयक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि वेतन भुगतान में किसी प्रकार की विसंगति या विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो। इस दौरान उन्होंने कीटनाशक दवाइयां, चूना, आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए।



निगमायुक्त ने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यदि रात में बेहतर सफाई होगी तो सुबह शहर की सड़कें स्वच्छ एवं व्यवस्थित दिखाई देंगी। उन्होंने एमएसडब्ल्यू प्रबंधक को निर्देश दिए कि व्यावसायिक क्षेत्रों में कचरा वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए तथा प्रत्येक गली एवं दुकान से नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित कर शहर की सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाए।

### करें स्पॉट फाइन की कार्यवाही

निगमायुक्त ने सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, खुले में कचरा फेंकने तथा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए।

### वर्षा जल सड़क पर बहाने वालों को जारी करें नोटिस

निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के वार्ड दरोगाओं एवं क्षेत्रीय उपयंत्रियों को संयुक्त रूप से वार्डों का भ्रमण कर ऐसे भवनों की पहचान करने के निर्देश दिए, जहां वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से पानी सीधे सड़कों पर बहता है। ऐसे भवन स्वामियों को नियमानुसार नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने आवारा मवेशियों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई को और गति देने तथा आवारा श्वानों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकता है, इसलिए संबंधित अमला पूरी गंभीरता एवं सतर्कता के साथ अभियान चलाए । बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, सहायक यंत्री आदेश जैन, एमएसडब्ल्यू प्रबंधक, स्वच्छता निरीक्षक एवं स्वास्थ्य शाखा के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## आंगनवाड़ी केंद्रों अतिथि भोज का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बडवारा सेक्टर ,भुड़सा अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में अतिथि भोज का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को पौष्टिक व्यंजन खिलाए गए एवं अभिभावकों को स्थानीय स्तर पर पोषण आहार की विविधता गुणवत्ता एवं साफ सफ़ाई के संबंध में जानकारी दी गई।

पौष्टिक आहार खाने से शारीरिक विकास होने के साथ ही बौद्धिक विकास भी होता है। शारीरिक स्वस्थता एवम स्वच्छता जीवन मे अनिवार्य है शरीर स्वस्थ रहेगा तो तन मन भी स्वस्थ रहेगा। सेक्टर सुपरवाइजर रेशमा मेडम ने बताया कि समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में नन्हे मुन्ने बच्चों को पोषण आहार के साथ ही व्यंजन भी खिलाये जाते हैं।

**खबर संक्षेप**

## लिपिक संघ सौंपेगा ज्ञापन

**दमोह।** सामान्य प्रशासन विभाग की निर्देशों के तहत सभी विभागो में सभी संवर्ग की अधिकारी /कर्मचारियों पदोन्नति किये जाने के निर्देश दिये गये है,। जिसके तहत दमोह जिला अंतर्गत लिपिक संवर्ग से राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग में लिपिको की पदोन्नति का कार्य सम्पन्न किया जा चुका है। किन्तु संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग सागर द्वारा उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित नही किये जाने से दमोह जिले के कर्मचारियों / लिपिक पदोन्नति से वंचित हो रहे है, जो सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश के विपरीत कार्य किया जा रहा है, पदोन्नति नही होने से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है, इसलिए इसके निराकरण हेतु कलेक्टर दमोह को आज दिनांक 24 जुलाई 2026 को शाम 5 बजे ज्ञापन सौंपा जाना है। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम सभी शिक्षा विभाग के लिपिको एव अन्य सभी कर्मचारियों शामिल होने की अपील म.प्र. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार बडकुल ने की है।

## महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में प्राणिशास्त्र का पहला पी-एच.डी. वाइवा संपन्न

**पन्ना।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर के लिए यह दिन ऐतिहासिक एवं उपलब्धि भर रहा है। विश्वविद्यालय के प्राणिशास्त्र विभाग का प्रथम पी-एच.डी. वाइवा सृजनशाला सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कुलगुरु डॉ. राकेश सिंह कुशवाह के निर्देशन तथा कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के प्रशासनिक मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में शोध गतिविधियों को नई गति मिल रही है। इसी क्रम में प्राणिशास्त्र अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र की शोधार्थी श्रीमती वंदना सिंह ने पी-एच.डी. उपाधि के लिए आयोजित अंतिम मौखिकी परीक्षा में अपने शोधकार्य का सफलतापूर्वक प्रस्तुतिकरण किया। शोधार्थी ने ष्इम्पैक्ट ऑफ हाइड्रो-एडाफिक कैरेक्टरिस्टिक्स ऑन इच्थियोफॉनल डाइवर्सिटी ऑफ लोकपाल सागर पॉन्ड इन पन्ना डिस्ट्रिक्ट ऑफ मध्य प्रदेश, भारतष विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया।

# दलदल में तब्दील श्मशान घाट का पहुंच मार्ग बरसात में अंतिम संस्कार करना बना चुनौती





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद**

ग्राम गैसाबाद की व्यारमा नदी के तट स्थित कुरया घाट के पास बने श्मशान घाट की बदहाल स्थिति बरसात के मौसम में ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। श्मशान घाट तक पहुंचने वाला कच्चा मार्ग बारिश में दलदल में तब्दील हो जाता है, वहीं छाया की व्यवस्था नहीं होने से खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करना मजबूरी बन गया है।ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान मुख्य सड़क से श्मशान घाट तक जाने वाला रास्ता पूरी तरह कीचड़युक्त हो जाता है। ऐसे में लोगों को अपने परिजनों के शव को कंधों पर उठाकर दलदल भरे मार्ग से गुजरना पड़ता है, जिससे काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।इतना ही नहीं, लगातार बारिश के कारण चिता जलाने में भी परेशानी होती है। खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करना पड़ता है और कई बार लंबे समय तक बारिश होने से चिता में आग पकड़ने में भी काफी समय लग जाता है।ग्रामीणों के अनुसार पिछले पंचायत कार्यकाल में नदी किनारे एक चबूतरे का निर्माण कर उसके ऊपर टीन शेड लगाया गया था, लेकिन घटिया निर्माण के कारण कुछ ही महीनों में तेज हवा के झोंकों से टीन की चादरें उड़ गईं। तब से आज तक केवल लोहे के पाइप ही खड़े हैं और शेड दोबारा नहीं लगाया गया। इसके कारण चबूतरे का उपयोग भी पूरी तरह नहीं हो पा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट जैसी आवश्यक सार्वजनिक सुविधा की लंबे समय से उपेक्षा हो रही है। उन्होंने शासन-प्रशासन से श्मशान घाट पर नया मजबूत टीन शेड बनाने तथा मुख्य सड़क से श्मशान घाट तक पक्का पहुंच मार्ग निर्माण कराने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# स्वास्थ्य परिक्षण के साथ हुई कॅरियर काउंसिलिंग



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया**

समीपस्थ ग्राम पं. आमखेडा. के शासकीय एकीकृत हाई स्कूल मे केरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम के अलावा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रायमरी शाला के बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। इस सम्बन्ध में शाला प्राचार्य पीआर अहिरवार ने बताया कि प्राथमिक शाला के कक्षा01 से 05 वी तक के 23 बच्चों के स्वास्थ्य का परिक्षण डॉ. नेहा गौतम आयुष मेडिकल आफीसर स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया, रामवती ठाकुर फार्म सिस्ट व्दारा विधिवत किया गया। इस दौरान बच्चों के आंख, कान, दांत, गला, कुपोषण सहित अनेक समसामयिक एवं वर्षाजनित बीमारियों का सूक्ष्म परिक्षण किया गया। इसी के साथ कक्षा 09 वी एवं कक्षा 10 वी के उज्ज्वल भविष्य को दृष्टिगत रखते हुये केरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य श्री अहिरवार ने बताया इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को समाज शिल्पी सुजात खान व्दारा शासन से मिलने वाली सुविधाओं एवं स्कूल से जुडी. समस्याओं की जानकारी लेते हुये उन्हें अब गाँव-गाँव और शहर-शहर मे जाग रही है नारी-अपना हक अधिकार भी देखो मांग रही है नारी₹₹ स्वरचित गीत का सामुहिक गायन किया गया। साथ ही अपने बेहतर भविष्य केरियर निर्माण के बारे मे होम वर्क, आवारा दोस्त, सक्षम-अक्षम चिड़िया की शिक्षाप्रद कहानी विस्तार से सुनाकर बच्चों का ज्ञानवर्धन किया गया। कार्यक्रम से बच्चे एवं शालेय परिवार बेहद प्रभावित रहा। इस अवसर पर बच्चों के अलावा एसएल पटेल, मिथलेश खटीक, अल्पना पाण्डेय, जीपी रजक, सीएस ठाकुर, सुषमा मांझी, बीरेन्द्र अहिरवार, हेमन्त राठौर, सचिन हजारी, आरती पटेल मौजूद रहे।

# मडियादो में प्रदेश का पहला संयुक्त स्वास्थ्य शिविर आयोजित

### गर्भवती महिलाओं और कम वजन के बच्चो की स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण किया गया



**हटा।** हटा सिविल अस्पताल प्रबंधन और महिला बाल विकास द्वारा संयुक्त रूप से मडियादो के उपतहसील भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,शिविर में गर्भवती महिलाओं और शिशुवती माताओं सहित विशेष आवश्यकता वाले और कम वजन के बच्चों की स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार ,दवाएं परामर्श दिया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा हाई रिस्क और गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं मेडीकल ऑफिसर द्वारा कम वजन के बच्चों की स्क्रीनिंग स्वास्थ्य परीक्षण किया,शिविर में मड़ियादो प्राथमिक स्वास्थ्य अंतर्गत आने वाले सेकडौ गांव के लोग लाभान्वित हुए। यह मप्र के पहला ऐसा शिविर है जो स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लगाया गया जिसमें हटा ब्लाक के आदिवासी अंचल मडियादो से शुरुआत की गई। अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ उमाशंकर पटेल परियोजना अधिकारी शिवराय के साथ स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया और कर्मचारियों को बेहतर सेवाएं देने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य अमले द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाकर पंजीयन,जांच,दवाएं वितरण की गई। महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ ने महिलाओं,बच्चो और परिजनों को खान पान बेहतर पोषण और विटामिन,आयरन पोषक तत्वों से भरपूर भोजन की जानकारियां दी। शिविर में आए बच्चो और महिलाओं को फल,खिचड़ी और पोषण सामग्री का भी निःशुल्क वितरण अधिकारियों द्वारा किया गया। स्वास्थ्य में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ भूमिजा राजपूत, सुषमा बॉम्बरे, डॉ भावना जैन, फरजीना बी,संगीता पटेल,अनीता गौतम,फार्मासिस्ट श्रीराम गोस्वामी, पर्यवेक्षक मिनी अर्पिता नाथन,राहुल खरे, बीसीएम देवेंद्र ठाकुर ,संस्कार गुप्ता आदि अमला मोजूद रहा। शिविर की सफलता में आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# ज्ञान साहब की स्मृति में पुस्तक विमोचित

### जन्म शताब्दी वर्ष 2026 का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शिक्षाविद् स्व. ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव की जन्म शताव्दी वर्ष की समारोह पूर्वक शुरूवात की गई। स्थानीय शास. पी. जी. कॉलेज दमोह में आयोजित भव्य एवं गरिमामय समारोह में ज्ञानसाहब की जीवनी पर केन्द्रित पुस्तक परिवर्तनकांक्षी (व्यष्टि से समष्टि की जीवन गाथा) का विमोचन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय डा. विनोद मिश्रा, कुल गुरू रानी अबंतीवाई लोधी विश्वविद्यालय सागर एवं कार्यक्रम अध्यक्ष श्री सत्यमोहन वर्मा वरिष्ठ सहित्यकार दमोह थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं ज्ञान साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया। श्रीमती प्राची वर्मा (पुणे) ने सितार की ध्वनि के साथ सुंदर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। ट्रस्ट की ओर से न्यास अध्यक्ष डॉ. केदार शिवहरे, श्री नीरज हर्ष श्रीवास्तव, श्री जलज हर्ष श्रीवास्तव, श्रीमती भावना श्रीवास्तव, अजय टंडन, डॉ, आलोक जैन, शरद मेहता आदि ने मंचाशीन अतिथियो का शाल श्रीफल एवं पुष्पाहारो से स्वागत किया। लेखक का आत्म निवेदन श्रीमती नीलिमा वर्मा एवं पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया और कहा की ज्ञान साहब समाज के प्रेरक स्तंभ थे। संपादक का कथन प्रस्तुत करते हुये सुश्री प्राची तिवारी ष्छवि" (भोपाल) ने भावुक संस्मरण सुनाये और कहा कि पुस्तक लिखते समय मैने ज्ञान साहब को और अपने पिता को याद किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि कुल गुरू डॉ विनोद मिश्रा ने पुस्तक परिवर्तनकांक्षी का विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये समारोह के मुख्य अतिथि कुल गुरू डॉ विनोद मिश्रा ने कहा कि स्व. ज्ञान साहब बिलंक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होने दमोह की नई पीढ़ी के निर्माण महती भूमिका निभाई। मैं हमेशा कहता हू कि जीवन में कुछ भी हो व्यक्ति को अपना मूल तत्व कभी भूलना नही चाहिये। यदि आप इसे नही समझते है तो आपका ज्ञान, कर्म एवं बौद्धिता अधूरी है। ज्ञान साहब ऐसे बिरले व्यक्तित्व थे कि उन्होने शिक्षा क्षेत्र, विधि क्षेत्र और समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक संघर्षों के बाद भी हार नही मानी और अच्छे कार्यों के लिये सदैव प्रयास करते रहें। अभाव में भी लोगी को मदद करना नही छोड़ा यही कारण है कि हम आज उनका सौवा शताब्दी वर्ष मना रहे है। हमारा अहंकार हमें अनेक सद्विचारों से पीछे कर देता है। ज्ञान साहब की ताकत उनकी विनंम्रता थी। डां. मिश्रा ने अपने बोद्धिक उद्बोधन से उपस्थित श्रोताओं को रोमांचित किया और कहा राष्ट्र धर्म प्रथम स्थान पर है। उन्होने उपस्थित नागरिकों से पंच परिवर्तन मे योगदान करने का आवाहन किया। कार्यक्रम अध्यक्ष सत्यमोहन वर्मा वरिष्ट कवि ने कहा कि ज्ञान साहब, बहू आयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वे महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य थे। उनका सुर्दशन व्यक्तित्व देखने लायक था। वे सच्चे अर्थो में त्याग की प्रतिमूर्ति थे। मेरे पास उनके जीवन की सैकड़ो स्मृतियां है। जो कभी भूलाई नही जा सकती। इस पुस्तक के माध्यम से ज्ञान साहब के चरित्र को स्थाई स्वरूप प्रदान किया गया है जो स्वागत योंग्य है। समारोह को सफल संचालन राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त प्राचार्य डां. आलोक सोनबलकर ने किया। ट्रस्ट की ओर से डां. केदार शिवहरे ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के प्रतिष्ठित नागरिकगण एवं महिलाओं की उपस्थिति रही कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत जन-गण-मन से किया गया।

# चार अशासकीय विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा**

जनपद शिक्षा केन्द्र, तेन्दूखेड़ा द्वारा विकासखण्ड के चार अशासकीय विद्यालयों में किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित विद्यालय संचालकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। निरीक्षण के आधार पर तीन दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में उचित जवाब एवं आवश्यक सुधार नहीं किए जाने की स्थिति में विद्यालयों की मान्यता समाप्त/प्रत्याहरण की कार्रवाई वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्तावित की जाएगी। जारी सूचना पत्रों के अनुसार अशासकीय सरस्वती बाल मंदिर तेन्दूखेड़ा, इण्डियन पब्लिक स्कूल तेन्दूखेड़ा, सरस्वती शिशु मंदिर पतलौनी तथा सरस्वती ज्ञान मंजिल तेजगढ़ का अलग-अलग तिथियों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश विद्यालयों में दर्ज संख्या की तुलना में विद्यार्थियों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई। कई विद्यालयों में अप्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्यापन कराया जाना तथा मान्यता के समय पंजीकृत शिक्षकों का अनुपस्थित पाया जाना भी सामने आया, जो आरटीई के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है। निरीक्षण में कुछ विद्यालयों के वित्तीय अभिलेख, कैश बुक, बिल-वाउचर तथा कर्मचारियों के ईपीएफ संबंधी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं मिले। विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई, शौचालयों की स्थिति, खेल सामग्री, कम्प्यूटर कक्ष एवं प्रायोगिक प्रयोगशालाओं के संचालन में भी कमियां पाई गईं। कई स्थानों पर विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर अपेक्षित स्तर से कम पाया गया तथा गृहकार्य के मूल्यांकन एवं शैक्षणिक गतिविधियों के अभिलेख भी उपलब्ध नहीं थे। सरस्वती शिशु मंदिर पतलौनी एवं सरस्वती ज्ञान मंजिल तेजगढ़ के निरीक्षण में यह भी पाया गया कि विद्यालय स्वीकृत एवं चिन्हांकित स्थल के स्थान पर अन्य स्थान से संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही पर्याप्त शिक्षण कक्ष उपलब्ध नहीं होने के कारण एक ही कक्ष में अनेक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा था। विद्यार्थियों की मैपिंग, समय-सारणी, सह-शैक्षणिक गतिविधियों के अभिलेख तथा गणवेश व्यवस्था में भी गंभीर कमियां दर्ज की गईं। विकासखण्ड स्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केन्द्र तेन्दूखेड़ा ने स्पष्ट किया है कि सभी विद्यालय संचालकों को पूर्व में भी शासन के निर्देशों के अनुरूप विद्यालय संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद कमियां पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। विद्यालय संचालकों को निर्धारित समय सीमा में जवाब प्रस्तुत कर कमियों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**इनका कहना है**

इस संबंध में बीआरसी पी एल अहिरवार का कहना है कि स्कूलों के निरीक्षण के दौरान 4 से 5 स्कूलों में कमियां पाई गई जिसके लिए उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगे गए हैं जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय युवा कोषाध्यक्ष बनने पर राजीव राय साव का हुआ सम्मान

**दमोह।** राष्ट्रीय युवा कोषाध्यक्ष नियुक्त होने पर राजीव राय साव का कल्चुरी महासभा की ओर से भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महासभा के जिला अध्यक्ष संजय राय के नेतृत्व में उनके निज निवास पर हुआ, जिसमें जिलेभर के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर संजय राय ने राजीव राय साव को



भगवान सहस्त्रबाहु जी का छविचित्र भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र, गमछा एवं पुष्पमाला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया।कार्यक्रम में वीरेंद्र राय (वीरू भैया), शेरू राय, जयकांत राय, अभिषेक राय, पप्पू राय (मुस्कान बस सर्विस), धर्मेंद्र राय, अनिल राय, डॉ. राकेश राय, डॉ. डी.के. राय, गोविंद कंचू राय, चंदू राय, सतीश राय, एम.एल. राय, रंजीत राय, सुनील राय (रामरमा), गौरव राजा राय, प्रमोद राय, अरविंद राय, हिम्मू राय, बबलू पठान, सुरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।इस दौरान जिला अध्यक्ष संजय राय ने कहा कि राजीव राय साव पिछले लगभग 30 वर्षों से समाज सेवा में निरंतर सक्रिय हैं। उन्होंने ईमानदारी, कर्मठता और समाज के प्रति समर्पण के साथ कार्य किया है। उनके लंबे सामाजिक योगदान का ही यह प्रतिफल है कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। यह केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे दमोह जिले के लिए गौरव का विषय है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजजनों ने राजीव राय साव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## जबेरा को मिली स्वच्छता की नई रफ्तार: कचरा गाड़ी को हरी झंडी



**जबेरा।** ग्राम पंचायत जबेरा में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पंचायत को नई कचरा गाड़ी की सौगात मिली, जिसे जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस पहल से अब क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन एवं मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से कचरा गाड़ी को रवाना कर स्वच्छता अभियान को गति देने का संदेश दिया। इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह लोधी ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कचरा गाड़ी केवल एक वाहन नहीं, बल्कि स्वच्छ और सुंदर जबेरा की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे कचरे को इधर-उधर न फेंककर निर्धारित वाहन में ही डालें, ताकि पूरे क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे। कार्यक्रम में सरपंच शिवलाल धुर्वे, राजेश सिंघई, नीरज जायसवाल, अनुपमा मिश्रा, अरुण बाजपेयी, सुनील साहू, सुदीप अवस्थी, सत्येंद्र ठाकुर, आशीष चौधरी सहित पंचायत सचिव कलू यादव कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया।उम्मीद जताई जा रही है नई कचरा गाड़ी के संचालन से अब घर-घर कचरा संग्रहण आसान होगा और जबेरा को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने की दिशा में ठोस बदलाव देखने को मिलेगा।

## हम सब सौभाग्यशाली हैं कि शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्म भारत भूमि पर हुआ- जिलाध्यक्ष

**दमोह।** मां भारती के वीर सपूत, वीर क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश के आवाहन पर दमोह जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन के मार्गदर्शन व नगर मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी राजुल चौरहा, सह प्रभारी कृष्णा पटैल के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय दमोह में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं भाजपा कार्यालय से आजाद चौक जिला सहकारी बैंक चौराहे तक आजाद प्रेरणा यात्रा का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि अपनी छोटी सी आयु में ही देश के प्रति समर्पण की भावना रखने वाले वीर क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश की सेवा और राष्ट्र समर्पण का जीवंत उदाहरण थे शहीद चंद्रशेखर आजाद।

हम सब सौभाग्यशाली हैं कि भारत की भूमि पर ऐसे वीर सपूत का जन्म हुआ । श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला मंत्री कपिल शुक्ला, भरत यादव, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, संतोष रोहित, नगर मंडल महामंत्री अरूण सोनी, देवल कटारिया, संदीप शर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक परिहार अभिषेक सोनी, हर्ष पटेल, युवा मोर्चा से जिला महामंत्री कार्तिक शेलार, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राठौर, जिला मीडिया प्रभारी राहुल जैन, रीकेश चौबे , प्रीतम पटेल कार्यालय मंत्री, मंडल अध्यक्ष कुलदीप पटेल, नगर महामंत्री शिवेंद्र तिवारी, करण चौबे, नगर मंत्री संदीप सैनी, विशाल चौबे, आशुतोष पांडेय, चंद्र प्रकाश, आशीष, अखिलेश चौबे, सृजन असाटी , सत्यम चौबे, हरि रजक, आलोक चौबे सहित युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थिति रही।

# जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त, रहवासी परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा**



नगर में लगातार हो रही बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जलभराव की गंभीर स्थिति बनी हुई है। सड़कों एवं गलियों में बारिश का पानी जमा होने से आम नागरिकों के साथ-साथ स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर की इस गंभीर समस्या के बावजूद संबंधित जिम्मेदार विभाग एवं अधिकारियों द्वारा अब तक प्रभावी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ताजा मामला तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 11 का है, जहां रामकिशन यादव सचिव के मकान के पास स्थित मार्ग पर लगभग दो से तीन फुट तक बारिश का पानी जमा हुआ है। यह रास्ता वार्ड के लोगों के लिए प्रमुख आवागमन का मार्ग है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं, पुरुष एवं बुजुर्ग आवागमन करते हैं। जलभराव के कारण लोगों को पानी से होकर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना एवं संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय शकुन बाई, पूना बाई ,गौरा बाई ,सरोज विश्वकर्मा ,गायत्री ठाकुर ,रजनी ठाकुर, मनीषा ठाकुर, नन्नू जैन का कहना है कि कई दिनों से यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन नगर परिषद के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा न तो जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई गई है और न ही प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर समस्या के स्थायी समाधान के प्रयास किए गए हैं। स्कूली बच्चों को प्रतिदिन गंदे पानी से होकर विद्यालय जाना पड़ रहा है, जिससे अभिभावकों में भी चिंता का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्रशासन एवं नगर परिषद इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को राहत मिल सके। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नालियों की नियमित सफाई, जल निकासी तंत्र को मजबूत करने तथा आवश्यक निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाने की भी मांग की गई है। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बारिश के मौसम में हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि वार्ड क्रमांक 11 सहित नगर के अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों के नागरिकों को राहत मिल सके और उनका दैनिक जीवन सामान्य हो सके।

### इनका कहना है

इस संबंध में नगर परिषद के उपयंत्री भूपेंद्र सिंह का कहना है कि नगर में जहां-जहां जल भराव की स्थिति है वहां पानी निकासी के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है और शीघ्र ही पानी निकासी करा दी जाएगी ताकि किसी को भी समस्या उत्पन्न ना हो।

## खबर संक्षेप

### भैंस से टकराया बाइक सवार गंभीर रूप घायल

तेंदूखेड़ा। गुरुवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्टेट हाइवे 15 पर झलौन मार्ग पर स्थित नाग बाबा के पास एक बाइक सवार युवक भैंस से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है जहां प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार कप्तान सिंह पिता भगवान सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी जामुनखेड़ा थाना तेंदूखेड़ा है जो धनेटा ग्राम में बिजली मोटर लगाने का काम करने के लिए गया था जहां से वापस आते समय नाग बाबा के समीप भैंस से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की गई है।

### चार दुकानों के लाइसेंस निरस्त, पांच को कारण बताओ नोटिस

दमोह। जिले में किसानों के हितों की सुरक्षा तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठानों के विरुद्ध व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर जिलेभर में कीटनाशी विक्रय दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई प्रकार की अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर 04 कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त एवं 05 कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठानो को कारण बताओ नोटिस जारी किए। यह कार्रवाई किसानों को सुरक्षित एवं प्रमाणित कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। जिन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं, उनमें हरियाली कृषि सेवा केंद्र, मारूति नंदन कृषि सेवा केंद्र (दमोह), पटेल किसान बीज भंडार (पटेरा), ध्रुव ट्रेडर्स (दमोह) शामिल हैं। जिन प्रतिष्ठानो को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है, उनमें विनय ट्रेडर्स (पटेरा), चौधरी किसान सेवा केंद्र (हटा), किसान सेवा केंद्र (बकायन), शिखर कृषि केंद्र (रजपुरा), पंजाब बीज भंडार (दमोह) शामिल है।

### 7 अगस्त को दमोह में होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता

दमोह। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश के इतिहास, संस्कृति, पर्यटन, कला एवं प्राकृतिक धरोहर से परिचित कराने के उद्देश्य से 'पर्यटन क्विज-2026' का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक विद्यालय 25 जुलाई 2026 को सायं 5:30 बजे तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 7 अगस्त 2026 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, दमोह में आयोजित की जाएगी।

### बटियागढ़ पुलिस की बड़ी सफलता: दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

# चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित 24.80 लाख का मशरूका बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बटियागढ़ थाना पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के मामले का सफल खुलासा करते हुए चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित कुल 24 लाख 80 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है। कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।पुलिस के अनुसार थाना बटियागढ़ क्षेत्र के ग्राम घनश्यामपुरा निवासी आशीष जैन (37 वर्ष), पिता राजकुमार जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 जुलाई 2026 की रात करीब 10 बजे अज्ञात चोर उनके घर के बाहर खड़ा सोनालिका कंपनी का ट्रैक्टर (क्रमांक एमपी 34 एए 2086) एवं ट्रॉली चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना बटियागढ़ में अपराध क्रमांक 195/26 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन तथा



एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक रजनी शुक्ला के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने लगातार मुखबिरों से जानकारी जुटाई तथा साइबर सेल और सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपियों की तलाश की।जांच के दौरान 23 जुलाई 2026 को पुलिस ने टीकाराम पिता गनेश उर्फ जलेश अहिरवार, निवासी बिहारीपुरा भैंसा नाका, थाना मोतीनगर, जिला सागर तथा नीलेश पिता तीरथ अहिरवार, निवासी भैंसा रामनगर, थाना मोतीनगर, जिला सागर को गिरफ्तार किया।पूछताछ के बाद आरोपियों के कब्जे से चोरी गया सोनालिका ट्रैक्टर एवं ट्रॉली बरामद कर ली गई। इसके अलावा सागर जिले से चोरी किया गया एक लाल रंग का ट्रैक्टर, एक पानी का टैंकर तथा चोरी की वारदात में प्रयुक्त एक नया पिकअप वाहन भी जब्त किया गया।

आरोपियों के कब्जे से चोरी गया सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली, सागर जिले से चोरी किया गया एक अन्य ट्रैक्टर, एक पानी का टैंकर तथा घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किए गए। बरामद मशरूका की कुल कीमत 24.80 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।इनकी रही सराहनीय भूमिकापूरे मामले के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक रजनी शुक्ला, थाना प्रभारी पटेरा उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर, उपनिरीक्षक सियाराम, सहायक उपनिरीक्षक मनीष यादव, आनंद कुमार, प्रधान आरक्षक मुकेश, भानू उपाध्याय, महेन्द्र, राकेश अठ्या (साइबर सेल), आरक्षक सोनू पटैल, सूर्या सिपौल्या, मयंक दुबे (साइबर सेल), इन्द्रजीत सिंह राजपूत एवं चालक आरक्षक बदन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनसे अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है।

# गुरु उपासना प्रभु की आराधना मनुष्य को भगवान बना देती है : मुनि श्री सुश्रुतसागरजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देव श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन भाईजी मंदिर दमोह में आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री श्रुतेश सागरजी एवं मुनि श्री सुश्रुतसागरजी महाराज के मंगल सानिध्य में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के तृतीय दिवस मुनि श्री ने कहा नयन सुख सभी को नहीं मिलता अंधा व्यक्ति भगवान को नहीं देख सकता, सौभाग्य से हमें यह आंखें मिली हैं शुभ कुल मिला है, अतः जब भी ऐसे अवसर प्राप्त होते हैं, हमें हमेशा ही अवसर का लाभ लेना चाहिए। भक्ति हमें अर्हंत पद तक पहुंचाती है, आत्मा का कचड़ा भगवान के शरण में आने से हटता है। आत्मा की स्वभाव में जो विकारी परिणाम आते हैं वह जिनेंद्र भक्ति से सरल हो जाते हैं। पात्र का चयन अपूर्व होता है। वह भावी भावना से भाव बनाता है अर्थात सौधर्म, कुबेर चक्रवर्ती ,श्रीपाल मैना सुंदरी, आदि पद को प्राप्त होते हैं चूंकि गुरु की उपासना प्रभु की आराधना मानव को मूल स्वभाव में भेज देती है। देह के माता पिता होते हैं। आत्मा का नहीं,स्त्री के 5 कार्य होते हैं रंभा, मां, मंत्री ,कोतवाल, और शिक्षक यह मां होती है। मुनिश्री श्रुतेश सागर जी ने, मंगलाचरण में कहा गुरु के नाम की माला सभी अज्ञान को हरती है जहां दुनिया में हिंसा का तांडव चल रहा है, वहां हम इस दमोह पावन शहर में बैठकर सुख से श्री सिद्धों की आराधना कर रहे हैं। भगवान की आराधना से सुख का अनुभव हम कर सकते हैं अतः पूजन में उत्साहित होना चाहिए प्रवचन के पूर्व ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया एवं ब्रह्मचारी रोहित भैया ने अभिषेक शान्तिधारा के साथ अवगत कराया कल प्रातः 64 रिद्धि विधान के पूर्व 64 शांतिधारा होंगी जिसमें संपूर्ण दमोह शहर सहभागिता दर्ज करेगा आज शांतिधारा का सौभाग्य सुधा आरपी जैन सोनम संचित रिद्धि, शुचि सुरभित सेठ, स्व. शिखर चन्द की स्मृति में श्रीमती चंदा जैन, नेहा-संजीव सुमेघा डॉ अभी संगीता संजय जबलपुर राहुल संध्या ,श्रीमती विधि अनिल जैन परिवार ने प्राप्त किया परिवार ने प्राप्त किया मुनिश्री को शास्त्र भेंट पाद प्रच्छालन शिवनगर से द्रव्य समर्पित करने वालेअध्यक्ष विवेक नायक एवं वैशाली नगर अध्यक्ष अमरचंद सेठ, सुनील वेजिटेरियन, प्रोफेसर एमके जैन ने किया।

# एंबुलेंस की लापरवाही पड़ी भारी: कलेक्टर के निर्देश पर एजेंसी पर 2.35 लाख जुर्माना



बनवार/जबेरा। जिले के जबेरा जनपद अंतर्गत ग्राम बम्होरी में 108 एंबुलेंस सेवा की गंभीर लापरवाही उजागर होने के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। 9 जुलाई को प्रकाशित खबर "108 एंबुलेंस नहीं पहुंची, यात्री प्रतीक्षालय में हुआ प्रसव" के बाद मामला तेजी से सुर्खियों में आया, जिसके पश्चात जांच कर शासन ने संबंधित सेवा प्रदाता कंपनी पर 2,35,931 का अर्थदंड लगाया है। घटना 8 जुलाई की है, जब बम्होरी निवासी 30 वर्षीय कविता बाई, पति स्वर्गीय रतन सिंह, को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल किया, लेकिन एंबुलेंस के पहुंचने में लगभग एक घंटे का समय लगने की जानकारी दी गई। महिला की हालत बिगड़ती देख परिजन उसे ई-रिक्शा से स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए निकले, लेकिन रास्ते में ही वाहन की बैटरी डिस्चार्ज हो गई, जिससे उन्हें बीच रास्ते में ही रुकना पड़ा। इसके बाद महिला को बम्होरी बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में बैठाकर एंबुलेंस का इंतजार किया गया, लेकिन लंबे समय तक कोई मदद नहीं पहुंची। प्रसव पीड़ा बढ़ने पर स्थिति गंभीर होती गई। ऐसे में गांव की महिलाओं ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए साड़ियों की आड़ बनाकर प्रतीक्षालय में ही सुरक्षित प्रसव कराया।

प्रसव के बाद ग्राम सरपंच ने अपने निजी वाहन से जच्चा-बच्चा को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इस घटना ने क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। मामले की शिकायत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव तक पहुंचने पर उन्होंने तत्काल जांच के निर्देश दिए। सीएमएचओ द्वारा की गई जांच में लापरवाही की पुष्टि होने पर रिपोर्ट शासन को भेजी गई। इसके बाद 108 एंबुलेंस सेवा संचालित करने वाली कंपनी जेएईएस प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया गया। कंपनी द्वारा लापरवाही स्वीकार किए जाने पर शासन ने उस पर 2,35,931 का जुर्माना आरोपित किया। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी घटनाएं सामने आने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर यह साबित करती है कि जनहित से जुड़ी खबरें केवल सूचना नहीं, बल्कि व्यवस्था को सुधारने का सशक्त माध्यम होती हैं। खबर के प्रकाशन के बाद हुई त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई ने जवाबदेही तय की है और अब क्षेत्र में एंबुलेंस सेवाओं की निगरानी बढ़ा दी गई है, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगने की उम्मीद है।

# 55 राशन दुकानों की जांच रिपोर्ट में से 25 दुकानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई

### राशन दुकानों पर कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर जिले की राशन दुकानों पर व्यापक जांच अभियान चलाया। कलेक्टर श्री यादव ने 125 जांच दल गठित किए , जिनमें 120 दलों को राशन दुकानों की जांच के लिए तथा 5 दलों को रिजर्व रखा गया। शिकायतों के आधार पर 120 उचित मूल्य दुकानों का एक साथ सुबह 11 बजे निरीक्षण कराया गया। कलेक्टर श्री यादव ने कहा लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई राशन दुकानों पर हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न दिया जा रहा है। कई मामलों में दो माह के राशन के लिए अंगूठा लगवाकर केवल एक माह का राशन वितरित किया गया।

इसके अलावा वितरण में देरी और अन्य अनियमितताओं की भी शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। उन्होंने बताया अब तक 55 दुकानों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, जिनमें से 25 दुकानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। कई दुकानों में 172 क्विंटल तक खाद्यान्न कम या अधिक पाया गया है। जांच में अब तक 782 क्विंटल खाद्यान्न की हेराफेरी का मामला प्रतिवेदित हुआ है। इन मामलों की विस्तृत जांच कर संबंधित संचालकों को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत नोटिस जारी किए जाएंगे और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक बिना किसी गड़बड़ी के पहुंचे। इसी उद्देश्य से यह विशेष जांच अभियान चलाया गया है और भविष्य में भी शिकायत मिलने पर राशन दुकानों की जांच जारी रहेगी।

उन्होंने कहा जिले में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में राशन दुकानों का एक साथ निरीक्षण कराया गया है। प्रशासन की योजना सभी 524 उचित मूल्य दुकानों की एक साथ जांच कराने की थी, लेकिन उपलब्ध स्टाफ के कारण फिलहाल 120 दुकानों की जांच कराई जा सकी। आने वाले समय में शेष शिकायतग्रस्त दुकानों का भी निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीएमओ के अभाव में तेंदूखेड़ा नगर परिषद की व्यवस्थाएं चरमराईं

तेंदूखेड़ा। नगर परिषद की प्रशासनिक व्यवस्थाएं पिछले लगभग दो माह से प्रभावित बनी हुई हैं। इसका मुख्य कारण नगर परिषद में नियमित मुख्य नगर पालिका अधिकारी का अभाव बताया जा रहा है। वर्तमान में दमोह नगर पालिका के सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी को तेंदूखेड़ा नगर परिषद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, लेकिन दमोह नगर पालिका के कार्यों में व्यस्तता के कारण वे तेंदूखेड़ा को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। इसका सीधा असर नगर परिषद की कार्यप्रणाली और नागरिक सुविधाओं पर पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना है कि कई ऐसे मामले हैं, जिनका निराकरण केवल सीएमओ स्तर के अधिकारी द्वारा ही किया जा सकता है। अधिकारी की नियमित अनुपस्थिति के कारण लंबित प्रकरणों का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के कमलेश कुमार, महाराज सिंह, उत्तम कुमार, महेश मंगलम सहित अनेक नागरिकों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि यदि नगर परिषद में प्रभारी सीएमओ की ही नियुक्ति करनी है, तो ऐसे अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाए जो सप्ताह में कम से कम दो से तीन दिन नगर परिषद में उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर सके। नगरवासियों का कहना है कि वर्तमान में वर्षा ऋतु के कारण पेयजल व्यवस्था, जलभराव, नालियों की सफाई, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। इन मामलों में कई निर्णय ऐसे होते हैं, जिन्हें केवल सक्षम अधिकारी ही स्वीकृति दे सकता है। कर्मचारी अपने स्तर पर सीमित अधिकारों के कारण आवश्यक निर्णय लेने में असमर्थ हैं, जिससे समस्याओं का निराकरण लंबित बना हुआ है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि नगर परिषद में नियमित सीएमओ की पदस्थापना की जाए अथवा ऐसे प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की जाए, जो नगर को पर्याप्त समय देकर प्रशासनिक कार्यों में गति ला सके।

# हिण्डोरिया और पटेरा के स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने हिण्डोरिया एवं पटेरा विकासखंड के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, एएनसी क्लीनिक, दस्तक अभियान क्रियान्वयन एवं स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। पटेरा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सतरिया में व्यवस्थाएं प्रोटोकॉल के अनुरूप संचालित पाई गईं। डॉ चटर्जी ने सीएचओ नम्रता नामदेव को स्वास्थ्य केन्द्र में स्वच्छता एवं मातृ स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी से संबंधित दस्तावेज अद्यतन पाये जाने पर शाबाशी दी। यहाँ एएनसी क्लीनिक का नियमित रूप से संचालन तथा एचआरपी, ईडीडी, सप्ताह दौरान चिन्हित



नवीन गर्भवती सूची सहित आवश्यक सभी रिकॉर्ड अद्यतन मिले। ओआरएस-जिंक कॉर्नर भी पूर्णतः क्रियाशील पाया गया। डॉ. चटर्जी ने स्वास्थ्य टीम की सराहना करते हुए इसी गुणवत्ता के साथ सेवाएं निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए। हिंडोरिया के समन्ना एवं पटेरा के देवडोंगरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एएनसी क्लीनिक एवं अभिलेखों का अवलोकन के दौरान एचआरपी, ईडीडी, सप्ताह दौरान चिन्हित नई गर्भवती सूची सहित आवश्यक सूचियों एवं रिकॉर्ड को नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा ओआरएस-जिंक कॉर्नर को प्रोटोकॉल अनुसार व्यवस्थित एवं सक्रिय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जहां कमियां पाई गईं, वहां संबंधित स्वास्थ्य अमले को समयबद्ध सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कुंडलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर इसे डिलीवरी पॉइंट के रूप में विकसित करने हेतु उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं का आकलन किया गया। डॉ. चटर्जी ने निरीक्षण में चिन्हित कमियों के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में बैठक आयोजित कर प्रसव सेवाएं शीघ्र प्रारंभ करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी, डी.सी.एम. भी मौजूद रहे।

# मूंग खरीदी केन्द्र पर समय पर तुलाई न होनें से भड़के किसान

### तहसीलदार ने मंडी पहुंचकर व्यवस्थाएं बनाने दिए निर्देश



हटा। कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य मूंग खरीदी केन्द्र बनाया गया है जिसमें सनकुईया समिति व पटेरिया समिति द्वारा खरीदी की जा रही है। जहां 20 दिन बीत जाने के बाद सोमवार से खरीदी प्रारंभ हुई थी लेकिन तीन दिन बीत जानें के बाद किसानों की फसल की तुलाई न होने पर गुरूवार को दोनों समितियों के किसान भड़क गए और एकत्रित होकर खरीदी केन्द्र पर अपना विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी मिलते ही पटेरा तहसीलदार उमेश तिवारी मंडी खरीदी केन्द्र पहुंचे जहां उन्होनें गुस्साएं किसानो से बात कर उनकी समस्याओं को सुना। किसानों द्वारा बताया गया कि बीते तीन दिन से हम अपनी फसल को लेकर आए थे लेकिन आज तक फसल की तुलाई नहीं हो सकी वहीं सर्वेयर द्वारा भी लापरवाही की जा रही है जिससे सभी किसान परेशान हो रहे है। तहसीलदार तिवारी द्वारा दोनों समितियों के खरीदी प्रभारी को बुलाकर किसानों के समक्ष ही शासन के मानक के अनुसार खरीदी किए जानें के निर्देश दिए गये एवं किसी भी प्रकार से किसानों से वसूली न किए जानें की हिदायत दी गई।यदि किसानों के माल की जांच के नाम पर किसी भी प्रकार से पैसा बसूला गया और उसकी शिकायत पाई गई तो संबंधित सर्वेयर के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसके उपरांत तहसीलदार उमेश तिवारी द्वारा दोनों खरीदी केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं तौल के लिए कांटों को बढ़ानें के निर्देश दिए गये साथ ही मानक के अनुसार फसल की ग्रेडिंग करनें और तय मापदंडों पर खरीदी करना सुनिश्चित की जाए यदि उसके बाद भी किसी भी प्रकार से शिकायत प्राप्त होगी तो संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, मुख्य चौराहों के सीसीटीवी कैमरे तीन-चार माह से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मुख्य चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पिछले तीन से चार माह से बंद पड़े हुए हैं। कैमरों के बंद रहने से नगर में होने वाली घटनाओं, दुर्घटनाओं तथा संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी प्रभावित हो रही है, जिससे आम नागरिकों में चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार नगर के प्रमुख चौराहों बाजार क्षेत्र एवं सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, ताकि अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सके तथा किसी भी घटना की स्थिति में फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। लेकिन लंबे समय से कैमरे बंद होने के कारण इनका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे चालू रहने से चोरी, मारपीट, सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की जांच में पुलिस को महत्वपूर्ण मदद मिलती है। वहीं वर्तमान में कैमरों के बंद रहने से किसी भी घटना के बाद साक्ष्य जुटाने में कठिनाई हो सकती है।

व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बाजार क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों का सुचारु रूप से संचालित होना आवश्यक है। कैमरों की निगरानी व्यवस्था ठप्प होने से असामाजिक तत्वों के हौसले भी बढ़ सकते हैं।

नगर के गणमान्य नागरिकों ने संबंधित विभाग एवं नगर प्रशासन से मांग की है कि बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों की शीघ्र मरम्मत कर उन्हें पुनः चालू कराया जाए, ताकि नगर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो सके और घटनाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके। नगरवासियों का मानना है कि आधुनिक तकनीक के इस दौर में सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे में लंबे समय तक इनका बंद रहना प्रशासनिक व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र संज्ञान लेकर कैमरों को चालू कराने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा।

### इनका कहना है

इस संबंध में तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर ने कहा कि कैमरे बंद को लेकर नगर परिषद सीएमओ से कई बार पत्राचार किया जा चुका हैं लेकिन कोई भी सुधार कार्य नहीं किया गया हैं। इस संबंध में नगर परिषद तेंदूखेड़ा के इंजीनियर भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आज ही सागर की टीम को कैमरे बंद होने की जानकारी देकर सुधार कार्य के लिए बुलवाता हूं।